भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. **544**

दिनांक 05, फरवरी, 2021 को उत्तर दिये जाने के लिए

राष्ट्रीय संभार - तंत्र नीति

544 : श्री सतीश चंद्र दुबे :

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय संभार - तंत्र नीति को अंतिम रूप दे दिया गया है ;

(ख) यदि हॉ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इस नीति को कब तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा ;

(घ) क्या इस नीति के अंतर्गत एकल खिड़की ई - लॉजिस्टिक्स बाजार स्थापित होगा और रोजगार सृजन तथा कौशल विकास पर ध्यान दिया जाएगा; और

(ड.) यदि हॉ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क), (ख) और (ग) मसौदा राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति हितधारकों से चर्चाधीन है और इसे परामर्श पूरा होने पर अंतिम रूप दिया जाएगा।

(घ) और (ड.) राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स मंच लॉजिस्टिक क्षेत्र में ओपन एपीआई के माध्यम से विभिन्न मंत्रालयों, एजेंसियों और निजी निकायों द्वारा विकसित एकीकृत डिजीटल समाधानों द्वारा सभी लॉजिस्टिक सेवाओं के लिए एक एकीकृत इंटरफेस होगा। मसौदा राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति में अन्य बातों के साथ-साथ, कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए अनेक पहलों का उल्लेख है।

****